**आरोप** | कांग्रेस ने की दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग, दी आंदोलन की चेतावनी

# सड़क हादसे में हिट एंड रन का आरोप

**कोतमा, नवभारत।** कोतमा-निगवानी मार्ग पर 29 जुलाई को हुई सड़क दुर्घटना को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डू चौहान के नेतृत्व में पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को थाना प्रभारी कोतमा को ज्ञापन सौंपते हुए दुर्घटना को हिट एंड रन का मामला बताते हुए वाहन चालक एवं जेएमएस कम्पनी के जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त वैधानिक कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कांग्रेस ने आरोप लगाया कि जेएमएस कम्पनी के एक वाहन ने एक युवक को गंभीर टक्कर मार दी, जिसके बाद चालक घायल को घटनास्थल पर छोड़कर वाहन सहित फरार हो गया।



### मानवीय जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं किया

कांग्रेस का कहना है कि दुर्घटना के समय वाहन में कम्पनी के जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद थे, लेकिन उन्होंने घायल को अस्पताल पहुंचाने या पुलिस को सूचना देने जैसी कानूनी और मानवीय जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं किया।

### वाहन को तत्काल जब्त किया जाए

कांग्रेस ने मांग की है कि संबंधित वाहन को तत्काल जब्त किया जाए, वाहन चालक के विरुद्ध हिट एंड रन सहित अन्य प्रासंगिक धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तारी की जाए तथा वाहन में मौजूद कम्पनी के जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ भी वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कोषाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष राजेश जैन, महासचिव संतोष यादव, सचिव रवि पांडेय, देवेंद्र गौतम, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानवेंद्र मिश्रा, संध्या वर्मा, मो. सफीर, संतोष मिश्रा, फारूक बेग, रविन्द्र जैन सुखाड़िया, मो. बिंदाम, इमरान खान बंटी, रफी अहमद, अमरेन्द्र सिंह परिहार, मनोज बर्मन, अंकित सोनी, धरमदास, मो. नदीम, शिवम सराफ, अधिवक्ता शिव बर्मन, जीवन चौधरी, सुमित सोनी आदि उपस्थित रहे।

> **घायल के समुचित उपचार की व्यवस्था की जाए**
> इसके साथ ही घायल के समुचित उपचार की संपूर्ण व्यवस्था जेएमएस कम्पनी के माध्यम से तत्काल कराने तथा रिहायशी क्षेत्रों में तेज रफ्तार से चलने वाले भारी वाहनों पर प्रभावी नियंत्रण और सख्त कार्रवाई की भी मांग की गई। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि पांच दिनों के भीतर दोषियों के विरुद्ध हिट एंड रन का प्रकरण दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई नहीं की गई, तो पार्टी जनहित में थाना घेराव एवं लोकतांत्रिक आंदोलन करेगी।



# नशा भविष्य को प्रभावित करता है : सिंह

**नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 का समापन**

**बिजुरी, नवभारत 30 जुलाई।** समाज को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से थाना बिजुरी पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जन-जागरूकता अभियान नशा से दूरी है ज़रूरी 2.0 का समापन समारोह गुरुवार को थाना परिसर बिजुरी में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, समाजसेवियों, विद्यार्थियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी विकास सिंह ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार, समाज और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को भी प्रभावित करता है।

> **लोगों को दुष्परिणामों के प्रति करें जागरूक**
> उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने आसपास के लोगों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करें। अभियान के दौरान युवाओं को शराब, तंबाकू, सिगरेट एवं अन्य मादक पदार्थों से दूर रहने का संदेश दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि जनजागरूकता के माध्यम से स्वस्थ, सुरक्षित और नशामुक्त समाज का निर्माण करना भी है।

**राधिका भगत ने संभाला भालूमाड़ा थाने का कार्यभार**

# सुरक्षा व अवैध कारोबार पर रहेगा विशेष फोकस

**भालूमाड़ा नवभारत 30 जुलाई।** अनूपपुर जिले के भालूमाड़ा थाना में राधिका भगत ने गुरुवार को थाना प्रभारी (टीआई) के रूप में विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने थाना परिसर का निरीक्षण किया।

पदभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए थाना प्रभारी राधिका भगत ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत करना और आमजन का पुलिस पर विश्वास बढ़ाना है उन्होंने कहा कि महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी और ऐसे मामलों में त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी



### फरियादी की शिकायत गंभीरता से सुनी जाएगी

उन्होंने स्पष्ट कहा कि क्षेत्र में यदि कहीं भी अवैध कारोबार संचालित हो रहे हैं तो उन पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। पुलिस किसी भी प्रकार की गैरकानूनी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं करेगी राधिका भगत ने कहा कि थाना आने वाले प्रत्येक फरियादी की शिकायत गंभीरता से सुनी जाएगी और उसे न्याय दिलाने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

### नेशनल प्लेयर से झपटा मोबाइल

**जबलपुर।** माढोताल थाना अंतर्गत दीनदयाल के पास बाइक सवार लुटेरों ने झपट्टा मारकर नेशनल प्लेयर से मोबाइल झपट लिया और भाग गए। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक बुधवार शाम अनुज रत्न प्रभा 34 वर्ष निवासी ब्रम्हऋषि कालोनी ग्वारीघाट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह शूटिंग में नेशनल प्लेयर हैं। दोपहर लगभग 3-15 बजे देहरादून से बस से दीनदयाल बस स्टेण्ड आया बस से उतरकर पैदल दमोहनाका की तरफ अपने मोबाइल से बात करते हुये जा रहा था दीनदयाल के आगे पहुंचा तभी पीछे से काले रंग की मोटर सायकल में सवार तीन लड़के आये बीच में बैठे लड़के ने कैप पहनी हुयी थी।

# गुरु चरित्र निर्माण का मार्ग करता है प्रशस्त : सोलंकी

**जमुना कॉलरी विद्यालय में मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्व**

**जमुना कॉलरी नवभारत 30 जुलाई।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जमुना कॉलरी में गुरु पूर्णिमा पर्व श्रद्धा, सम्मान और भारतीय संस्कृति की गरिमा के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य अवधराज सिंह सोलंकी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इसके बाद छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं गुरु वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपने गुरुजनों का तिलक लगाकर, पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया।



### गुरु के प्रति सम्मान की भावना रखें : प्राचार्य

इस अवसर पर प्राचार्य अवधराज सिंह सोलंकी ने कहा कि गुरु जीवन का वह प्रकाश है, जो ज्ञान, संस्कार और चरित्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से गुरुजनों के प्रति सम्मान, अनुशासन और समर्पण की भावना बनाए रखने का आह्वान किया। विद्यालय में आयोजित समारोह के दौरान वर्ष 2026 की वार्षिक परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम देने वाले शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं का भी विशेष सम्मान किया गया।

> **विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत**
> विद्यालय में 16 जुलाई से 29 जुलाई तक गुरु पूर्णिमा पर्व के अंतर्गत विभिन्न शैक्षणिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। इन प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्राचार्य द्वारा पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

## एक नजर में



### महाविद्यालय राजनगर में प्रवेश अभियान तेज

**राजनगर, नवभारत।** शासकीय महाविद्यालय राजनगर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के स्नातक (यूजी) पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया को गति देने के लिए महाविद्यालय प्रशासन ने विशेष जनजागरूकता अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत महाविद्यालय के शिक्षक शासकीय एवं निजी विद्यालयों में पहुंचकर विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया और उच्च शिक्षा के अवसरों की जानकारी दे रहे हैं। शिक्षकों ने विद्यालयों में कक्षा 12वीं उत्तीर्ण एवं अध्ययनरत विद्यार्थियों से संवाद करते हुए महाविद्यालय में संचालित स्नातक पाठ्यक्रमों, प्रवेश की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों तथा आवेदन की अंतिम तिथि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान विद्यार्थियों को शासकीय महाविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण एवं किफायती उच्च शिक्षा का लाभ उठाने के लिए प्रेरित भी किया गया।

### जबलपुर होकर चलेगी स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर।** यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन प्रयागराज और तिरुनेलवेली के बीच विशेष ट्रेन चलाएगा। रेल बोर्ड की मंजूरी के बाद गाड़ी संख्या 04171/04172 प्रयागराज-तिरुनेलवेली-प्रयागराज स्पेशल 1 अगस्त से मध्य प्रदेश के सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी जंक्शन से होकर संचालित की जाएगी। रेलवे के अनुसार, गाड़ी संख्या 04171 प्रयागराज-तिरुनेलवेली स्पेशल 1 अगस्त से 22 अगस्त तक प्रत्येक शनिवार को कुल चार फेरे लगाएगी। वहीं, वापसी में गाड़ी संख्या 04172 तिरुनेलवेली-प्रयागराज स्पेशल 3 अगस्त से 24 अगस्त तक प्रत्येक सोमवार को चार ट्रिप संचालित होगी इस स्पेशल ट्रेन में कुल 19 कोच जोड़े गए हैं यह गाड़ी मानिकपुर, सतना, कटनी, जबलपुर, नागपुर, बल्लारशाह, वारंगल, विजयवाड़ा, रेनीगुंटा और मदुरै समेत अन्य स्टेशनों से होते हुए गंतव्य तक पहुंचेगी।

# श्रमिकों और किसानों को वितरित किए सुरक्षा उपकरण

**सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के लिए जागरूक किया**

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले के रक्सा-कोलमी स्थित टोरेंट पावर प्रोजेक्ट में श्रमिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कंपनी प्रबंधन ने सुरक्षा सामग्री वितरण अभियान चलाया। इस दौरान परियोजना में कार्यरत सभी श्रमिकों के साथ-साथ उन स्थानीय किसानों को भी व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए गए, जिनकी भूमि परियोजना के लिए अधिग्रहित की गई थी और वे वर्तमान में कंपनी में कार्यरत हैं। कार्यक्रम के दौरान श्रमिकों को सेफ्टी हेलमेट, सेफ्टी शूज़ और रिफ्लेक्टर जैकेट सहित आवश्यक सुरक्षा सामग्री वितरित की गई। साथ ही कर्मचारियों को कार्यस्थल पर प्रतिदिन निर्धारित सुरक्षा उपकरण पहनने और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के लिए जागरूक किया गया। कंपनी प्रबंधन ने कहा कि श्रमिकों की सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।



### 24 घंटे में 11.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले में पिछले 24 घंटों के दौरान औसतन 11.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा जारी जानकारी के अनुसार जिले के विभिन्न वर्षामापी केन्द्रों में हल्की से मध्यम वर्षा रिकॉर्ड की गई। जारी आंकड़ों के अनुसार पुष्पराजगढ़ में सर्वाधिक 32.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई, जबकि अमरकंटक में 18.2 मिमी, बेनीबारी में 11.4 मिमी, बिजुरी में 9.2 मिमी, कोतमा में 7 मिमी, जैतहरी में 6.4 मिमी, वेंकटनगर में 3.8 मिमी तथा अनूपपुर में 3 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई।

# समस्त शिक्षकों को किया गया सम्मानित

**मॉडल विद्यालय में मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्व**

**कोतमा नवभारत 30 जुलाई।** शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोतमा में 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय के समस्त शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र, श्रीफल एवं लेखनी भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग एवं मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। साथ ही, शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।



### कठिन परिश्रम करने के लिए किया प्रेरित

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य विनोद कुमार पटेल ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में सभी विद्यार्थियों को जीवन में उच्च मुकाम हासिल करने के लिए अपने गुरुओं के मार्गदर्शन में निरंतर कठिन परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। शिक्षिका रजनी कुमारी एवं गीतू मिश्र ने भी सभी छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य और सफलता प्राप्त करने हेतु अपनी शुभकामनाएं दीं।

# विद्यार्थियों को दी मानव तस्करी से बचाव की जानकारी




**मानव तस्करी विरोधी दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर आयोजित**

**अनूपपुर, नवभारत 30 जुलाई।** विश्व मानव तस्करी विरोधी दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर द्वारा सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मानव तस्करी जैसे गंभीर अपराध, उसके दुष्परिणाम तथा इससे बचाव के उपायों के संबंध में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष श्रीमती माया विश्वलाल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

> **विधिक जागरूकता का महत्व बताया**
> शिविर में जिला न्यायाधीश नरेंद्र पटेल ने विद्यार्थियों को संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी देते हुए विधिक जागरूकता का महत्व बताया। उन्होंने मोटर दुर्घटना दावा अधिनियम के संबंध में भी जानकारी साझा की और कानून के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव रावेंद्र कुमार सोनी ने निःशुल्क विधिक सहायता व विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत से अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया।

### ट्रेन में चोरी करने वाले आरोपी को एक साल का सश्रम कारावास

**जबलपुर।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मानसी अग्निहोत्री की अदालत ने ट्रेन में महिला यात्री का जेवरों से भरा पर्स चुराने वाले आरोपी शंकर जयसवाल को दोषी करार दिया है। अदालत ने आरोपी को एक साल के सश्रम कारावास व पंद्रह सौ रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। अदालत को एडीपीओं कु. रंजीता भलावी ने बताया कि 21 जुलाई 2019 को फरियादी अनीता कुमारी महाराष्ट्र ट्रेन नंबर-12142 में अपने पिता के साथ बर्थ क्रमांक-47 व 55 में यात्रा कर रहीं थी। यात्रा के दौरान जबलपुर स्टेशन के पास अज्ञात आरोपी ने उनका लेडीज पर्स, जिसमें जेवरात कीमती करीब 53 हजार रुपये के थे।



# विद्यार्थियों से शैक्षणिक गतिविधियों पर की चर्चा

**नवागत कलेक्टर रत्नाकर झा ने विद्यालयों किया औचक निरीक्षण**

**अनूपपुर, नवभारत 30 जुलाई।** नवागत कलेक्टर रत्नाकर झा ने गुरुवार को जिले के पुष्पराजगढ़ विकासखंड अंतर्गत पीएम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भेजरी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोड़की, शासकीय आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास पोड़की तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राजेंद्रग्राम का औचक निरीक्षण कर शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों, छात्राओं और मरीजों से सीधे संवाद कर उन्हें उपलब्ध सुविधाओं एवं सेवाओं की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कक्षाओं का अवलोकन किया और विद्यार्थियों से उनकी पढ़ाई, पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता तथा अन्य शैक्षणिक गतिविधियों के संबंध में चर्चा की।



### कन्या छात्रावास की व्यवस्था की समीक्षा की

आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास पोड़की में कलेक्टर ने छात्राओं को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन, आवास, सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने छात्राओं से चर्चा कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली तथा अधिकारियों को निर्देशित किया कि छात्रावास एवं विद्यालयों में सभी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं। इसके बाद कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राजेंद्रग्राम का निरीक्षण कर अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन किया।

**परेशानी** | डिजिटल इंडिया की जमीनी हकीकत, नेटवर्क की समस्या, वीडियो वायरल

# पेड़ पर चढ़कर एएनएम ने लगाई ऑनलाइन हाजिरी

**अनूपपुर, नवभारत 30 जुलाई। जिले के पुष्पराजगढ़ विकासखंड से डिजिटल व्यवस्था की जमीनी हकीकत को उजागर करने वाला एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।**

वीडियो में स्वास्थ्य विभाग की एक एएनएम (सहायक नर्स मिडवाइफ) मोबाइल नेटवर्क की तलाश में पेड़ पर चढ़कर अपनी ऑनलाइन उपस्थिति (ई-अटेंडेंस) दर्ज करती दिखाई दे रही हैं। मामला पुष्पराजगढ़ विकासखंड के सेक्टर दामेहड़ी अंतर्गत गन्नागोडा स्वास्थ्य केंद्र का है।



### समय पर ई-अटेंडेंस दर्ज करने की परेशानी

बताया जा रहा है कि शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य कर्मचारियों के लिए ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य है, लेकिन केंद्र परिसर में मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध नहीं होने के कारण एएनएम को मजबूरन पेड़ पर चढ़कर नेटवर्क तलाशना पड़ा, ताकि समय पर अपनी ई-अटेंडेंस दर्ज कर सकें।

### शासकीय कार्यों पर भी पड़ रहा असर

ग्रामीणों और स्थानीय लोगों का कहना है कि दामेहड़ी एवं आसपास के क्षेत्रों में लंबे समय से मोबाइल नेटवर्क की समस्या बनी हुई है। इसका असर केवल स्वास्थ्य सेवाओं पर ही नहीं, बल्कि शिक्षा, बैंकिंग और अन्य शासकीय कार्यों पर भी पड़ता है।

### कर्मचारियों की बढ़ी परेशानी

ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मचारियों का कहना है कि नेटवर्क नहीं मिलने के कारण उन्हें कई बार ऊंचे स्थानों या पेड़ों पर चढ़कर मोबाइल सिग्नल तलाशना पड़ता है। ऐसे में ऑनलाइन हाजिरी की व्यवस्था उनके लिए अतिरिक्त चुनौती बन गई है।

> **डिजिटल व्यवस्था पर उठे सवाल**
> वीडियो सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की डिजिटल व्यवस्था और ग्रामीण क्षेत्रों की वास्तविक परिस्थितियों को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। लोगों का कहना है कि जिन इलाकों में मोबाइल नेटवर्क जैसी बुनियादी सुविधा तक उपलब्ध नहीं है, वहां ऑनलाइन उपस्थिति अनिवार्य करना कर्मचारियों के लिए बड़ी परेशानी बन गया है।